BHDM-162

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

**(BAFHD)**

# सत्रीय कार्य

**( जनवरी 2025 और जुलाई 2025 सत्रों के लिए)**

**पाठ्यक्रम कोड बी.एच.डी.एम –162**

**हिंदी भाषा के विविध प्रयोग**

मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली-110068

हिन्दी में ऐच्छिक पाठ्यक्रम

**सत्रीय कार्य (2025–2026)**

**पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.एम –162 /2025–2026**

प्रिय छात्रों/छात्राओं,

हिंदी भाषा के विविध प्रयोग पाठ्यक्रम में आपको एक सत्रीय कार्य करना है जिसके तीन भाग हैं और तीनों अनिवार्य हैं। यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (टी. एम.ए.) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किये गये हैं।

उद्देश्य : सत्रीय कार्य का मुख्य उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप स्वयं उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। उद्देश्य यह भी है कि अध्ययन के दौरान जो कुछ आपने सीखा और समझा है उसे आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें। इस पाठ्यक्रम में आपको लेखन कौशल का व्यावहारिक ज्ञान कराया गया है। सत्रीय कार्य में हमने अधिकांश प्रश्न ऐसे दिए हैं, जिनसे लेखन कौशल से संबद्ध आपकी कुशलता की जाँच हो सके। इससे आपको अपनी क्षमता का विकास करने में मदद मिलेगी तथा जाँचे हुए सत्रीय कार्यों से आप अपनी त्रुटियों और कमजोरियों को पहचान सकेंगे और उन्हें दूर कर सत्रांत परीक्षा में बेहतर परिणाम पा सकेंगे।

निर्देश : सत्रीय कार्य आरंभ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1. ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए विस्तृत निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए।

2. अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।

3. अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ के मध्य भाग में पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख कीजिए।

4. उत्तर पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ निम्न प्रकार से शुरू होगा :

अनुक्रमांक : ........................................................................

नाम : ........................................................................

पता : ........................................................................

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : ..................................................

सत्रीय कार्य कोड : ..................................................

अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : ........................................

दिनांक : ........................................................................

5. उत्तर के लिए केवल फुलस्केप के आकार के कागज का इस्तेमाल करें और उन कागजों को अच्छी तरह से बाँध लें।

6. प्रत्येक उत्तर के पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें और अपनी ही लिखावट में उत्तर दें।

7. सत्रीय कार्य पूरा करके जाँच के लिए अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक (Coordinator) के पास निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करा दें।

**सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि :**

**में प्रवेश लिए छात्रों के लिए –**

**जनवरी 2025 सत्र के लिए : 30 सितम्बर, 2025**
**जुलाई 2025 सत्र के लिए : 31 मार्च, 2026**

**सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश**

सत्रीय कार्य में आप से मुख्य रूप से तीन तरह के प्रश्न पूछे गए हैं।

उत्तर देने के लिए आप निम्नलिखित विधि से तैयारी करेंगे तो आपके लिए लाभप्रद होगा।

1. **अध्ययन** : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ विशेष बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से व्यवस्थित कीजिए।

2. **अभ्यास** : उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्ध और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

3. **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसे साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख
   लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

4. विशेष : अपने उत्तर की फोटो प्रति/कार्बन प्रति अपने पास अवश्य रखें।

**यह सुनिश्चित कर लीजिए कि** :

क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो।
ख) वाक्यों और अनुच्छेदों (paragraphs) के बीच स्पष्ट क्रमबद्धता हो,
ग) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,
घ) उत्तर प्रश्न में निर्धारित शब्दों से अधिक लंबा न हो, और
ङ) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

**शुभकामनाओं सहित!**

**नोट : याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

## हिन्दी में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
## सत्रीय कार्य (2025–2026)
## बी.एच.डी.एम –162 (हिंदी भाषा के विविध प्रयोग)

पाठ्यक्रम कोड :
सत्रीय कार्य कोड : **बी.एच.डी.एम –162** /टीएमए/2025–2026
कुल अंक 100

**नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। दस अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में तथा पाँच अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।**

### भाग–1

1. देवनागरी लिपि में वर्णों के मानक रूप तथा लेखन की कठिनाइयों पर विचार कीजिए। 10
2. हिंदी वर्णमाला को उच्चारण की विशेषताओं के आधार पर विश्लेषित कीजिए। 10
3. प्रयोजमुल्क भाषा से क्या तात्पर्य है? समझाइए। 10
4. शब्दकोश से क्या अभिप्राय है? शब्दकोश का सही उपयोग कैसे किया जाता है? सोदाहरण समझाइए।10

### भाग–2

5. 'परिवार' शीर्षक निबंध के आधार पर निबंध लेखन की आधारभूत विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 10
6. हिंदी की सांविधानिक स्थिति पर विचार कीजिए। 10
7. सामाजिक विज्ञान (इतिहास के संदर्भ में) से संबंधित वर्तनी के नियमों पर प्रकाश डालिए । 10
8. राजनीति विज्ञान के पाठ को समझने के लिए 'शब्द रचना' संबंधी किन व्याकरणिक नियमों का अध्ययन करना आवश्यक है? समझाइए। 10

### भाग–3

**9. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए।** **4**x5=20

(क) सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी भाषा
(ख) राष्ट्रभाषा
(ग) राजभाषा
(घ) संपर्क भाषा